MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

// UNIVERSITY LIBRARY //

-: NEWS CLIPPING SERVICE -:

DATE:17 & 18 JUNE 2026

एमसीयू में प्रवेश की अंतिम तिथि 10 जुलाई तक बढ़ी

नप्र, भोपाल : माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता व संचार विश्वविद्यालय ने सत्र 2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत आनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय के जनसम्पर्क विभागाध्यक्ष प्रो . पवित्र श्रीवास्तव के अनुसार, जो अभ्यर्थी किसी कारणवश अब तक फार्म नहीं भर पाए थे, वे अब दस जुलाई तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह कदम विद्यार्थियों की सुविधा और प्रवेश में उनकी अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया है। अभ्यर्थियों को सूचित किया गया है कि आवेदन केवल विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट या एमपी आनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'NAVDUNIYA'17 JUNE.2026

नक्षत्र और नवग्रह वाटिका बनेगी एमसीयू की नई पहचान

निज संवाददाता

भोपाल, 17 जून. माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय परिसर में जल्द ही एक अनोखी पहल देखने को मिलेगी. यहां नक्षत्र वाटिका और नवग्रह वाटिका का निर्माण किया जाएगा.

प्रोफेसर डॉ. राकेश पाण्डेय ने बताया कि यह प्रदेश का पहला ऐसा विश्वविद्यालय होगा, जहां विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा और प्रकृति से जुड़ा अध्ययन एक साथ करने का अवसर मिलेगा. उन्होंने कहा कि नक्षत्र वाटिका में 27 नक्षत्रों से जुड़े पौधे लगाए जाएंगे. जबकि नवग्रह

वाटिका में नौ ग्रहों से संबंधित वृक्ष और वनस्पतियां विकसित की जाएंगी. इन वाटिकाओं का उद्देश्य केवल सौंदर्य बढ़ाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों और शोधार्थियों को एक नया अध्ययन केंद्र उपलब्ध कराना है. विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, हर पौधे के साथ उसकी धार्मिक, वैज्ञानिक और औषधीय जानकारी भी दी जाएगी. ताकि आने वाले लोग इसके महत्व को आसानी से समझ सकें.

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'NAVBHARAT'18 JUNE.2026

पहले पत्रकारिता विवि एमसीयू में बनेगी नक्षत्र-नवग्रह वाटिका

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

प्रदेश में उच्च शिक्षा को भारतीय ज्ञान परंपरा और वैदिक विज्ञान से जोड़ने की अनूठी पहल कर माखन लाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता- संचार विश्वविद्यालय में

नक्षत्र एवं नवग्रह वाटिका बनेगी। डॉ. राकेश पांडेय ने बताया कि ये प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय है जहां खगोल विज्ञान, ज्योतिषीय परंपरा, औषधीय पौधों, भारतीय सांस्कृतिक विरासत का अध्ययन एक ही स्थान पर करने का छात्रों को अवसर मिलेगा। 27 नक्षत्रों से संबंधित पौधे रोपेंगे। नवग्रह वाटिका में नौ ग्रहों से जुड़े विशेष वृक्ष एवं वनस्पतियां विकसित होंगी। यह वाटिका सौंदर्यीकरण के साथ विद्यार्थियों, शोधार्थियों और लोगों के लिए अध्ययन, शोध और जागरुकता का केंद्र बनेगी। विवि प्रशासन के अनुसार वाटिका के निर्माण की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है। प्रत्येक पौधे और वृक्ष के साथ उसकी धार्मिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक, औषधीय महत्ता प्रदर्शित होगी, ताकि यहां आगंतुकों, विद्यार्थियों को समग्र जानकारी मिल सके। डॉ. पांडेय ने कहा कि वाटिका पहचान बनेगी। पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन तथा भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रचार-प्रसार केंद्र बनेगी।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'PEOPALS SAMACHAR'18 JUNE.2026

एमसीयू में ऑनलाइन आवेदन करने की तारीख बढ़ी

भोपाल, 17 जून. माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता और संचार विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी गई है. जिसके बाद अभ्यर्थी अब 10 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. बता दें अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन केवल विश्व विद्यालय की वेबसाइट या एम.पी.ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे.

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'NAVBHARAT'18 JUNE.2026